C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 40 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 26 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## झालावाड़ में स्कूल भवन गिरा, 7 बच्चों की मौत, 28 घायल

### शिक्षा मंत्री पहुंचे मौके पर, 5 शिक्षक सस्पेंड, मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब





**भीलवाड़ा फोकस @ झालावाड़**

( डॉ . चेतन ठठेरा ) - जिले के मनोहरथाना ब्लॉक के पीपलोदी गांव में शुक्रवार सुबह एक सरकारी स्कूल की कक्षा की छत गिरने से 7 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई और 28 घायल हो गए, जिनमें 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के वक्त बच्चे कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे, तभी अचानक पुराना भवन ढह गया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला।

घायलों को मनोहरथाना सीएचसी और झालावाड़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन, पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे। मृतकों में 5 बच्चों की मौत मौके पर और 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा।

### सस्पेंशन और जांच के आदेश

शिक्षा विभाग ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना गर्ग सहित 4 शिक्षकों–जावेद अहमद, रामविलास लववंशी, कन्हैयालाल सुमन और बद्रीलाल लोधा को तत्काल निलंबित कर दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भरतपुर दौरा निरस्त कर खुद मौके पर पहुंचकर छात्रों के परिजनों से मुलाकात की और इलाज की व्यवस्था की निगरानी की।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जाम

हादसे के बाद ग्रामीणों ने मनोहरथाना-अकलेरा रोड को जाम कर मुआवजे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने पहले भी भवन की जर्जर हालत को लेकर शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

### मानवाधिकार आयोग का नोटिस

राज्य मानव अधिकार आयोग ने घटना पर स्वत॰ संज्ञान लेते हुए प्रारंभिक शिक्षा निदेशक, कलेक्टर, एसपी व जिला शिक्षा अधिकारी झालावाड़ को नोटिस जारी कर 7 दिन में रिपोर्ट मांगी है।

### राष्ट्रपति, पीएम और सीएम ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरा शोक जताया है। शिक्षा मंत्री ने कहा, ÷घायलों का पूरा इलाज सरकारी खर्चे पर होगा, और घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी।

## युवती की संदिग्ध मौत, परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के लगाए आरोप



**भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप**

थाना क्षेत्र की एक 20 वर्षीय युवती की अपहरण के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। छह दिन बाद युवती का शव बरामद हुआ, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने युवती के साथ दुष्कर्म और ज़हर देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है, वहीं पुलिस पर लापरवाही और गुमराह करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

परिजनों के मुताबिक युवती 18 जुलाई को सिलाई सीखने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। 19 जुलाई को गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की गई। दो दिन तक परिजन खुद तलाश करते रहे। बाद में पुलिस ने युवती के दूसरे शहर में होने की जानकारी दी, लेकिन जब परिजन वहां पहुंचे तो युवती की मौत हो चुकी थी। शव पर चोटों के निशान मिले हैं। परिजनों ने महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया है और आरोपी युवकों व पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 2 जेसीबी जब्त

### डीएसटी की कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप, ड्राइवर मौके से फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला स्पेशल टीम ने शुक्रवार को कोठारी नदी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और 2 जेसीबी मशीनें जब्त की हैं। जानकारी के अनुसार एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में हुई कार्रवाई के दौरान टीम को मौके पर बजरी भराई करते वाहन मिले। ड्राइवर और खनन माफिया पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गए। जब्त सभी वाहन व मशीनें मांडल थाना परिसर में खड़ी करवाई गई हैं। फरार आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

## तिलस्वा महादेव मंदिर ट्रस्ट और संघर्ष समिति के बीच टकराव गहराया, श्रद्धालु बेहाल

### ऑफिस पर ताले, बंद हुई रसीदें और कैदियों का रजिस्ट्रेशन; मंदिर में बाउंसर तैनात

**भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा**


भीलवाड़ा जिले के प्रसिद्ध शिवधाम तिलस्वा महादेव मंदिर में शुक्रवार को मंदिर ट्रस्ट ने अपना कार्यालय बंद कर ताले जड़ दिए। यह कदम मंदिर ट्रस्ट और तिलस्वा महादेव संघर्ष समिति के बीच पिछले कई महीनों से चल रहे विवाद के बीच उठाया गया है। इसका सीधा असर श्रद्धालुओं पर पड़ा है – भेंट की रसीदें नहीं कट रही, चर्म रोगियों के रजिस्ट्रेशन ठप हैं और कैदियों के ठहराव व भोजन व्यवस्था पर संकट खड़ा हो गया है।

### भक्त परेशान, व्यवस्थाएं ठप

जानकारी के अनुसार हर सावन मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन व अभिषेक के लिए आते हैं, लेकिन ट्रस्ट कार्यालय बंद होने से मनोकामना पूरी होने पर दी जाने वाली भेंट की रसीदें काटने की प्रक्रिया भी बंद हो गई। साथ ही, चर्म रोगियों के रूप में आने वाले नए कैदियों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं हो पाया है , जिससे उनकी ठहराव और भोजन की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

### संगठन बनाम ट्रस्ट- आरोप-प्रत्यारोप तेज

तिलस्वा महादेव संघर्ष समिति के नेता कोशल शर्मा ने मंदिर ट्रस्ट पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है ट्रस्ट वर्षों से पदों पर जमे लोगों द्वारा मनमर्जी से चलाया जा रहा है। लाखों की दानराशि के बावजूद विकास नदारद है, और अब ट्रस्ट मंदिर में बाउंसर लगा रहा है जैसे कोई फिल्मी सितारा आ रहा हो। वहीं, ट्रस्ट सचिव मांगीलाल धाकड़ ने आरोपों को नकारते हुए कहा कुछ लोग जानबूझकर हो-हल्ला कर रहे हैं, जिससे कामकाज बाधित होता है। इसी कारण कार्यालय बंद किया गया है, श्रद्धालुओं को हुई असुविधा का जल्द समाधान किया जाएगा।




तिलस्वा- ट्रस्ट कार्यालय पर लगा ताला



तिलस्वा- कार्यालय के बाहर बैठे बाउंसर



तिलस्वाः मंदिर अध्यक्ष रमेश एवं सचिव मांगीलाल की सुरक्षा में तैनात बाउंसर

### बाउंसर तैनात, खर्च का भी उठ रहे सवाल

मंदिर परिसर में इन दिनों 10 बाउंसर तैनात किए गए हैं, जिन पर रोज़ करीब 15,000 रुपए खर्च हो रहे हैं। ट्रस्ट का कहना है कि यह सुरक्षा के लिए आवश्यक है, वहीं संघर्ष समिति इसे पैसे की बर्बादी बता रही है। कौशल शर्मा ने बताया की सावन मास में होने वाले पारंपरिक अभिषेक की सामग्री भी इस बार ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे असंतोष और बढ़ गया है।

### "विकास नहीं, मुकदमेबाज़ी"- संघर्ष समिति का आरोप

संघर्ष समिति ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रस्ट जनहित के सवाल उठाने वालों को मंदिर ट्रस्ट के पैसों से कोर्ट केस में घसीटता है, और अब तक विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। जबकि जोगनिया धाम या सांवरिया सेठ मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर व्यवस्थाएं अनुकरणीय हैं।

### कार्यालय बंद, कर्मचारी लापता

करीब 40 कर्मचारी मंदिर ट्रस्ट में कार्यरत हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकांश कर्मचारी समय पर नहीं आते और तनख्वाह उठाकर मौज कर रहे हैं। कार्यालय बंद होने और व्यवस्थाएं ठप होने की सूचना उपखंड अधिकारी बिजौलिया को दी गई है।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

C M Y K

# झालावाड़ जैसा हादसा भीलवाड़ा में भी कभी भी संभव, जिले में 30 से ज्यादा स्कूल भवन घोषित हैं जर्जर

## कक्षा-कक्ष गिराने के आदेश के बावजूद कार्रवाई नहीं, जिम्मेदार कौन?

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**डॉ. चेतन ठठेरा**




झालावाड़ के पीपलोदी गांव में शुक्रवार को स्कूल की छत गिरने से 7 बच्चों की दर्दनाक मौत के बाद शिक्षा विभाग की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इसी तरह की त्रासदी भीलवाड़ा जिले में भी कभी भी घट सकती है, क्योंकि यहां 30 से अधिक सरकारी स्कूलों के भवनों को जर्जर घोषित कर गिराने के आदेश तो हो चुके हैं, लेकिन अब तक एक भी पर अमल नहीं हुआ है।

13 ब्लॉकों वाले इस जिले में अधिकांश विद्यालय भवन या उनके कक्षा-कक्ष, बरामदे और शौचालय जर्जर हालत में हैं। जिले की समग्र शिक्षा इकाई ने जमींदोजी की सिफारिश की है, लेकिन फाइलें अटकी हुई हैं, आदेश धरे के धरे हैं और बच्चे खतरे में।

### जर्जर स्कूलों की ब्लॉकवार सूची

यहां उन स्कूलों की संक्षिप्त जानकारी दी गई है, जिनके कक्षा कक्ष या भवन गिराने के आदेश जारी हो चुके हैं या प्रक्रिया में हैं, लेकिन क्रियान्वयन शून्य है।

- **कोटड़ी–** रासेड़ विद्यालय के 5 कक्षा कक्ष और बरामदे को 30 मई को गिराने के आदेश हुए, पर अब तक काम शुरू नहीं।
- **शाहपुरा–** बावड़ी विद्यालय में दो कक्षा कक्ष और बरामदे को 7 अक्टूबर को गिराने के आदेश मिले।
- **बनेड़ा–** राक्षी विद्यालय में एक कक्षा कक्ष और बरामदे की जर्जरता पर 7 जनवरी को आदेश हुआ।
- **जहाजपुर–** जामोली, सिहाना, गाडोली, शक्करगढ़ व पिपलुंद के कई स्कूल भवन गिराने के आदेश हो चुके हैं, पर ज़मीनी कार्रवाई नहीं हुई।
- **सुवाणा–** नाथडियास, हमीरगढ़, शास्त्री नगर, सांगानेर कॉलोनी, पुर और कोदूकोटा के स्कूल भवनों को गिराने के आदेश प्रक्रिया में हैं या दस्तावेजों की कमी से रुके हुए हैं।
- **हुरड़ा–** रामनगर व रुपाहेली के विद्यालयों में गिराने के आदेश फरवरी में हुए थे।
- **मांडल–** पीथास, अलमास, भगवानपुरा, मालीखेड़ा, हगामबाई स्कूलों की इमारतें बेहद खस्ताहाल में हैं।
- **आसींद–** उदलियास और करजालिया विद्यालयों के भवन जर्जर, आदेश अटके हुए हैं।
- **रायपुर–** आखरियां स्कूल में पांच कक्षा कक्ष और अन्य हिस्से गिराने के आदेश अप्रैल में हुए।
- **सहाड़ा–** गंगापुर, कालाभाटा, गंगापुर वार्ड-16 में भवन गिराने के आदेश जारी हैं।
- **बदनोर–** कालियास विद्यालय में 7 कक्षा कक्ष गिराने के आदेश फाइलों में उलझे हैं।
- **मांडलगढ़–** बीगोद विद्यालय के 12 कक्षा कक्ष गिराने के प्रस्ताव दस्तावेजों के अभाव में लटके हुए हैं।

### क्या कहती हैं अधिकारी कल्पना शर्मा?

भीलवाड़ा जिले में 18 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें गिराने के आदेश हो चुके हैं, और 12 स्कूलों के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं। ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों और संस्था प्रधानों को कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के भीतर सघन निरीक्षण होगा, टीमें बना दी गई हैं।

साथ ही, जिला कलेक्टर के निर्देश पर सभी जर्जर कक्षा कक्षों को तत्काल बंद करने और बच्चों को वहां नहीं बैठाने के आदेश दे दिए गए हैं। मरम्मत व नवीनीकरण के प्रस्ताव जल्द मांगे गए हैं।

# धर्मशाला विकास के लिए भामाशाह प्रेमचंद सेन ने दिया 1.11 लाख का सहयोग



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी।** धनोप माताजी स्थल स्थित सेन समाज धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाह प्रेमचंद सेन हियालिया का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। उन्होंने धर्मशाला की बाउंड्री वॉल व प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 1,11,000 की नकद राशि कमेटी को भेंट की। समाज की ओर से प्रेमचंद सेन का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही दूर-दराज से आए अतिथियों का भी सम्मान हुआ। कार्यक्रम में दिवंगत अध्यक्ष कालूराम सेन को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सत्यनारायण सेन, संपतलाल सेन, महावीर सेन, रामस्वरूप सेन, दिनेश सेन, बजरंग सेन, कुलदीप सेन, शिवराज, जगदीश सहित कई लोग लोग उपस्थित रहे।

# कोटड़ी पुलिस की कार्रवाई: 9 साल से फरार दो स्थायी वारंटियों को दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोटड़ी पुलिस ने 9 साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने शुक्रवार शाम को बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य एवं वृताधिकारी कोटड़ी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।

### टीम ने दबिश देकर दो स्थायी वारंटी–

1. दशरथ पुत्र मोहन गुर्जर (36), निवासी लसाड़िया, थाना कोटड़ी
2. रामलाल पुत्र बद्रीलाल जाट (50), निवासी बन का खेड़ा, थाना बड़लियास

को गिरफ्तार किया। ये दोनों करीब 9 वर्षों से फरार चल रहे थे।

कार्रवाई में दीवान रणजीत सिंह और कांस्टेबल हनुमान का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया।

# राजस्थान जन मंच ने 90 जरूरतमंद परिवारों को बांटे आटे के कट्टे




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान जन मंच की ओर से समाज के अंतिम छोर पर बसे जरूरतमंद और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले परिवारों के लिए राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

काशीपुरी रोड क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत 90 जरूरतमंद परिवारों की महिला मुखियाओं को 5-5 किलो आटे के कट्टे निशुल्क वितरित किए गए। वितरण का कार्य भाजपा नेता एवं राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भीलवाड़ा इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक रामपाल सोनी, शहर विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री बाबूलाल टांक, जगदीश सेन, गोविंद वैष्णव, पुजारी अजय पाराशर, दुर्गेश गाडरी, द्वारका नुवाल, कालू धोबी, मोनू प्रजापत, विनोद जाट, किशन गाडरी सहित राजस्थान जन मंच के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सावन उत्सव में टाक समाज की एकता और महिला शक्ति की गूंज, विधायक ने डोम निर्माण के लिए दी 10 लाख की सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर





**(पेसवानी)** टाक क्षत्रिय महासभा जहाजपुर-देवली-हाड़ौती-खेराड़ इकाई द्वारा सावन महोत्सव व लहरिया उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों समाजजन शामिल हुए। समारोह में विधायक गोपीचंद मीणा, टाक महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष कंवरीलाल टाक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, एसडीएम राजकेश मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट इंद्रसिंह मीणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

विधायक मीणा ने समाज धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए 10 लाख की लागत से डोम निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की और धर्मशाला के लिए जमीन देने का आश्वासन भी दिया।कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में लहरिया उत्सव मनाया। गीत-संगीत, खेलकूद और बच्चों द्वारा प्रस्तुत झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। महिला मंडल ने एक संदेश पर ही एक लाख रुपये जुटाकर समाज धर्मशाला के लिए नए बर्तन खरीदकर समर्पित किए, जो महिला सशक्तिकरण और सेवा भावना का उदाहरण बना।

समाजसेवी, भामाशाह व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। विधायक का 51 किलो की माला, साफा और मोमेंटो देकर भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय व क्षेत्रीय टाक महासभा के पदाधिकारी, समाजबंधु, पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

समारोह को सफल बनाने में समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल टाक, महिला मंडल अध्यक्ष कन्या देवी टाक सहित कई पदाधिकारियों का योगदान रहा।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



# 15 साल से जर्जर मेनाली नदी पुलिया से गुजर रहे लोग जोखिम में, समाधान की बाट जोह रहा क्षेत्र

## त्रिवेणी-सिंगोली चारभुजा मार्ग पर बुनियादी ढांचा बेहाल, जिम्मेदार मौन

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़**

विधानसभा क्षेत्र में त्रिवेणी से सिंगोली चारभुजा को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित मेनाली नदी की पुलिया पिछले 15 वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। हालात इतने खराब हैं कि क्षेत्रवासियों को जान जोखिम में डालकर इस पुलिया से रोजाना गुजरना पड़ रहा है।

पंचायत समिति सदस्य धन्नालाल जाट, रामेश्वर लाल शर्मा व देवीलाल जाट ने बताया कि यह पुलिया अब पूरी तरह से नकारा हो चुकी है, लेकिन फिर भी प्रशासन की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। हर वर्ष बरसात के समय सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा अस्थाई रूप से मिट्टी भरकर कामचलाऊ मरम्मत कर दी जाती है। बारिश तेज होते ही यह मिट्टी बह जाती है और पुलिया पहले से भी अधिक खतरनाक हो जाती है। क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार इस पुलिया को तोड़कर नई और ऊंचाई वाली पक्की पुलिया निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अभी तक न तो बजट स्वीकृत हुआ और न ही कोई ठोस कार्यवाही। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही के चलते कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र के नागरिकों ने माण्डलगढ़



विधायक गोपाललाल खंडेलवाल से जल्द ही इस समस्या का समाधान करवाने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके और इस महत्वपूर्ण मार्ग पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित हो सके।

# कोटड़ी ब्लॉक में प्रधानाचार्यों की वाक्पीठ का आयोजन, शैक्षणिक नेतृत्व पर हुई विचार-विमर्श

## बड़लियास के राजकीय विद्यालय में हुआ ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

कोटड़ी ब्लॉक के सवाईपुर क्षेत्र स्थित बड़लियास कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्यों की ब्लॉक स्तरीय वाक्पीठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोटड़ी ब्लॉक के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल और कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा ने किया। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक और पंचायत समिति सदस्य ठाकुर दिलीप सिंह भी उपस्थित रहे।



शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का माला व सफा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने संस्था प्रधानों को विद्यालय संचालन से जुड़े दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रातः सत्र के मुख्य वक्ता अरविंद शर्मा प्रधानाचार्य सांखड़ा रहे।

इसके अलावा ममता गोठवाल लसाड़िया, सत्यनारायण शर्मा जीवा का खेड़ा, कौशल श्रृंगी मंशा ने विविध शैक्षणिक विषयों पर विचार साझा किए।

प्रतिष्ठा ठाकुर प्रधानाचार्य, सवाईपुर ने प्रधानाचार्यों में नेतृत्व क्षमता विकास पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में फारूक मोहम्मद, अशोक रामदेव, मेघवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने भी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

# जिसके शरीर में उत्साह है, उसका जीवन उत्सव बन जाता है' – प्रेमनारायण महाराज

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

( दिनेश गुर्जर ) जोगणियामाता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को व्यासपीठ से कथावाचक प्रेमनारायण महाराज ने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जिसके जीवन में उत्साह होता है, उसका हर दिन उत्सव बन जाता है। उन्होंने कहा कि जीवन में उत्साह, सकारात्मक सोच और प्रभु भक्ति का समन्वय व्यक्ति को हर कठिनाई से पार करा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि हर कार्य को पूर्ण समर्पण और श्रद्धा से करें, तभी उसमें पूर्णता और आनंद की अनुभूति होगी। जिस प्रकार बीमार व्यक्ति भी



अगर सकारात्मक सोच रखे, तो वह जल्द ही स्वस्थ हो सकता है – उसी तरह कठिन परिस्थितियों में भी उत्साह से भरा मन सफलता की ओर ले जाता है। महाराज ने समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब मंथन से हलाहल विष निकला, तो भगवान शिव ने उसे पीकर पूरे संसार की रक्षा की। जबकि अमृत देवताओं ने पिया और वही देवता रह गए, लेकिन विष पीने वाले शिव 'महादेव' बन गए। उन्होंने कहा कि हमें भी अपने जीवन में दूसरों के दुख-दर्द को समझकर उन्हें हल करने की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि ÷प्रभु भक्ति को यदि हम उत्साह, नियम और श्रद्धा से करें तो जीवन स्वयं में एक दिव्य उत्सव बन सकता है।

# हनुमान मंदिर और मुंदरी वाले बालाजी मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

नगर निगम द्वारा श्रावण मास में शुरू किए गए 70 वार्डों के 70 मंदिरों में अभिषेक कार्यक्रम के तहत पंद्रहवें दिन वार्ड 6 और 19 में सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया।

वार्ड 6 के कालका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर में पार्षद राम सिंह शक्तावत और वार्ड 19 के मुंदरी



वाले बालाजी मंदिर में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अभिषेक वैदिक विधि से पंडित योगेन्द्र शर्मा एवं टीम द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर महापौर राकेश पाठक, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, संयोजक ओम साई राम, पार्षदगण सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### फर्जी सिम बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश, वोडाफोन स्टोर के दो कर्मचारी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**



**डॉ. चेतन ठठेरा**

साइबर क्राइम पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों से सिम बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया है। मामले में वोडाफोन स्टोर के दो कर्मचारियों छाजूराम (निवासी डूमोली खुर्द, झुंझुनूं) और अभिषेक कुमार (निवासी देवली, दिल्ली) को गिरफ्तार किया गया है। गोपनीय सूचना पर मालपुरा गेट स्थित एयरटेल स्टोर से घनश्याम मीणा नामक युवक को पकड़ा गया, जिसके पास से 7 सिम कार्ड, 2 आधार कार्ड व एक मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में सामने आया कि वोडाफोन स्टोर कर्मचारी ग्राहकों के नाम से फर्जी सिम निकालकर गिरोह को बेचते थे। कंपनी की ओर से दीपक बलवदा, नोडल ऑफिसर एयरटेल जयपुर की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

### कोटा बियर्ड शो में निर्णायक होंगे शाहपुरा के डॉ. इशाक खान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



नगर के पार्षद और मि. बियर्ड मेन डॉ. इशाक खान 2 अगस्त को कोटा में आयोजित पहले बियर्ड कॉम्पिटिशन में मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। यह आयोजन ÷अतरंगी प्रोडक्शन÷ के बैनर तले होगा जिसमें देशभर से दाढ़ी-मूंछ प्रेमी प्रतिभागी भाग लेंगे।

डॉ. खान ने बताया कि प्रतियोगिता में बियर्ड और मूंछ की 10 कैटेगरी होंगी, जिनमें प्रतिभागियों का आत्मविश्वास, ग्रूमिंग और प्रस्तुति देखी जाएगी। विजेताओं को अतरंगी प्रोडक्शन के आगामी प्रोजेक्ट में काम करने का मौका मिलेगा।

शाहपुरा के एडवोकेट दीपक पारीक प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लेंगे, जबकि म्यूजिक वीडियो ब्लैक थार में शाहपुरा के धीरज पारीक अभिनय करते नजर आएंगे।

शाहपुरा के तीनों युवाओं की भागीदारी पर नगर में उत्साह है और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### खान्या के बालाजी मंदिर में 29 जुलाई से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



श्रावण मास के पावन अवसर पर खान्या के बालाजी मंदिर प्रांगण में 29 जुलाई मंगलवार से 6 अगस्त बुधवार तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संत रामदास त्यागी महाराज की अनुकंपा से होगा, जिसमें कथा वाचक के पंडित देवकिशन शास्त्री श्री शिव महापुराण की अमृतवाणी प्रस्तुत करेंगे।

कथा से पूर्व 29 जुलाई मंगलवार सुबह 8 बजे श्री नृसिंह द्वार मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कथा स्थल खान्या के बालाजी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1ः15 बजे से शाम 5ः15 बजे तक आयोजित होगी।

3 अगस्त रविवार को सुबह 8 बजे श्री नृसिंह द्वार मंदिर से विशाल व भव्य शिव कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।

# शाहपुरा के राष्ट्रीय तीरंदाज दीपांशु धाकड़ को इंदौर में किया गया सम्मानित

## नेहरू स्टेडियम में खेल अवॉर्ड समारोह में मिला 15 हजार का चेक, शील्ड और किट

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

नगर निवासी व इंडियन राउंड के राष्ट्रीय तीरंदाज दीपांशु धाकड़ को मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित नेहरू स्टेडियम में मालवा खेल अवॉर्ड समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उनके कोच राजेश तंबोलिया भी मौजूद रहे।




समारोह में दीपांशु को 15,000 रुपए का चेक, शील्ड व खेल किट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट थे, जबकि महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा, विशाल पाठक व गिरीश जैन भी मंचासीन रहे।

रामेश्वरलाल धाकड़ ने बताया कि दीपांशु धाकड़ जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, गोवा और उड़ीसा जैसे राज्यों में राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। दीपांशु की सफलता से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है ।

# भीलवाड़ा निजी बस एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

## जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

रामधाम स्थित माहेश्वरी भवन में गुरुवार को भीलवाड़ा निजी बस एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिला परिवहन अधिकारी रामकिशन चौधरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मोगरा समेत सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।



विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, संयोजक बाबूलाल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन सोमानी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे।

कार्यकारिणी में अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मोगरा, उपाध्यक्ष कैलाश जाट, संरक्षक गोवर्धन सोमाणी, सचिव कैलाश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष अनिल जोशी, संयोजक विशाल सुखवाल, वरिष्ठ सलाहकार बाबूलाल सुथार, फरीद, सुरेन्द्र सिंह मेहता, सह सचिव देवेन्द्र, प्रहलाद सिंह, कोऑर्डिनेटर अभिषेक चतुर्वेदी, मंत्री व प्रवक्ता चांदमल मूंदड़ा शामिल हैं।

अध्यक्ष मोगरा ने संगठन के पंजीकरण, रूटवाइज बैठकें और सहायक कोष निर्माण जैसे प्रस्ताव रखे। कार्यक्रम में जिलेभर के बस ऑपरेटर उपस्थित रहे। संचालन कैलाश चंद्र ने किया।

# बाली देवी ने संभाला सांखड़ा ग्राम पंचायत का प्रशासक पद

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

सांखड़ा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को बाली देवी शर्मा ने प्रशासक पद का कार्यभार मंत्रोच्चार के साथ ग्रहण किया। पदभार ग्रहण से पहले उन्होंने चारभुजानाथ की तस्वीर को कुर्सी पर विराजमान कर ग्राम पंचायत की बागडोर संभाली।

इस मौके पर विधायक गोपीचंद मीणा, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, प्रधान करण सिंह बेलवा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विधायक मीणा ने बाली देवी का दुपट्टा ओढ़ाकर और चारभुजानाथ की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। गौरतलब है की पूर्व में सरपंच गोपाल गुर्जर और उपसरपंच भीम सिंह राणावत को पद से हटाए जाने के बाद अब बाली देवी को प्रशासक नियुक्त किया गया है। विधायक मीणा ने आशा जताई कि अब पंचायत में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

कार्यक्रम में कई अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुखबिरी के शक में युवक की हत्या, शव जलाकर राख तालाब में फेंकी – 6 आरोपी गिरफ्तार

## फर्जी रिश्ते, फर्जी रोका, और फिर फरार हो गए आरोपी

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

निंबाहेड़ा के कनेरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक की मुखबिरी के शक में अपहरण कर बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या की गई और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाकर उसकी राख तालाब में फेंक दी गई। चित्तौड़गढ़ एसपी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि श्रीपुरा निवासी लाभचंद धाकड़ ने रिपोर्ट दी थी कि 25 अप्रैल की शाम उसके बेटे कालूराम को सुनील धाकड़ व साथियों ने घर से बुलाकर जबरन कार में बैठा लिया।



कुछ देर बाद अन्य लोग आए और कालूराम का मोबाइल भी छीन ले गए।

जांच में सामने आया कि कालूराम को खेली गांव के पास खेत में ले जाकर बुरी तरह पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। 25 जुलाई को आरोपियों ने शव को घाटारानी जंगल में फेंका और अगले दिन पेट्रोल व सॉल्यूशन डालकर जला दिया। फिर राख को कट्टे में भरकर मध्यप्रदेश के सरोदा तालाब में बिखेर दिया।पुलिस ने मन्नालाल उर्फ सुनील, राजेश गुर्जर, शाहरूख पठान, अब्दुल मलिक, निर्भयराम और हरिओम पाटीदार को गिरफ्तार किया है। मौके से एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए गए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## QUICK BITES

# आरबीएसके योजना बनी संजीवनी, तीन मासूमों को मिला नया जीवन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरबीएसके के तहत जयपुर के अभिषेक हॉस्पिटल में भीलवाड़ा जिले के तीन बच्चों की निशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि मनराज देव की क्लेफ्ट लिप (कटा ओंठ), मेहुल की कटा होंठ व तालु और माया की अल्वेओलर बोन ग्राफ्टिंग सर्जरी करवाई गई।

इन सर्जरी से बच्चों की बोलने, खाने और मुस्कुराने की क्षमता में सुधार हुआ है। परिवारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा विभाग व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# भीलवाड़ा रेडक्रॉस द्वारा टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



रेडक्रॉस सोसाइटी भीलवाड़ा व जिला क्षय रोग विभाग द्वारा निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 50 टीबी मरीजों को पोषण युक्त किट वितरित की गई।

मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने रेडक्रॉस की समाज सेवा में भूमिका की सराहना की और कहा कि यह संस्था पीड़ित मानवता की सेवा में हमेशा अग्रणी रही है। उन्होंने सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रेडक्रॉस को और अधिक सहयोग दिलवाने का भरोसा भी दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लादू राम बांगड़ ने की। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस हर आपदा या जरूरत के समय तत्परता से सेवा में जुटती है।कार्यक्रम का संचालन रमेश मूंदड़ा व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कंवरलाल पोरवाल ने किया।

# भारतीय किसान संघ सावर की बैठकः जैविक खेती को जनआंदोलन बनाने का संकल्प

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




**(दिलखुश मोटिस )** । भारतीय किसान संघ सावर की मासिक बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई, जिसमें जैविक खेती को लेकर जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने की। एक गांव, एक जागरूक योद्धा÷ योजना के तहत हर गांव में जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित कार्यकर्ता नियुक्त किए जाएंगे, जो किसानों को जागरूक करेंगे। आगामी 3 अगस्त को किसान कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमें फसल बीमा, किसान आईडी जैसे विषयों पर विशेषज्ञ जानकारी देंगे। यह अभियान खेती के साथ नीतियों को भी प्रभावित करेगा। बैठक में सत्यनारायण प्रजापत, कैलाश प्रजापत, राजेश डूंगरिया सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890